<u>मनोविज्ञान का अर्थ (Meaning of Psychology)</u>

1.मनोविज्ञान-आत्मा का विज्ञान (Psychology - Science of soul) - गैरेट(Garret) के अनुसार, 'साइकोलॉजी (Psychology) शब्द की उत्पत्ति, यूनानी भाषा के दो शब्दों से हुई है- साइको (Psyche), जिसका अर्थ है- आत्मा (Soil) और लोगस (Logcs) जिसका अर्थ है अध्ययन (study)। अर्थात् 'Study of the Soul 'आत्मा का अध्ययन' या ' का ज्ञान प्राप्त करना। मनोविज्ञान को आत्मा का विज्ञान मानने वाले प्रमुख यूनानी दार्शनिक प्लेट (Plate), अरस्तू (Aristotle) और डेकार्टे (Descartes) प्रमुख है। आत्मा को व्याख्या, उसके अस्तित्व एवं प्रमाणिकता का उत्तर न दे पाने के कारण 16वीं शताब्दी में मनोज्ञ का यह अर्थ अस्वीकार कर दिया गया।

2.मनोविज्ञान-मस्तिष्क का विज्ञान (Paychology - Science of Mind) : मनोविज्ञान को मन या मस्तिष्क का विज्ञान कहा। इटली के दार्शनिक पंपोनाजी(Pomponazi) ने ज्ञान को मस्तिष्क का अध्ययन करने वाला विज्ञान कहा। क्योंके आत्मा के मानसिक और आध्यात्मिक पहलू अध्ययन के अलग विषय हो गए थे। आधुनिक मनोविज्ञान मन के स्वरूप तथा प्रकृति का निर्धारण न कर सका।

3.मनोविज्ञान-चेतना का विकास (Psychology - Science of Consciousness)

उन्नीसवी शताब्दी में विद्वानों ने मनोविज्ञान को चेतना के विज्ञान के रूप में प्रतिष्ठित किया। इनमें वाइव्स(Vives) , विलियम जेम्स (William James) विलियम वुंट(William Wundt) प्रमुख हैं। इन्होंने कहा कि मनोविज्ञान मनुष्य को चेतन क्रियाओं का अध्ययन करता है। पर वे चेतन शब्द के अर्थ के सम्बन्ध में एक मत न हो सके। परिणामतः मनोविज्ञान का यह अर्थ सीमित होने के कारण सर्वमान्य न हो सका।

4.मनोविज्ञान व्यवहार का विज्ञान (Psychology - Science of Behaviour)

बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में मनोविज्ञान को व्यवहार के विज्ञान के रूप में स्वीकार किया जाने लगा। वाटसन(Watson), वुडवर्थ(Woodwarth), स्किनर(Skinner) आदि मनोवैज्ञानिकों ने मनोविज्ञान को व्यवहार के एक निश्चित विज्ञान (Positive Science) के रूप में स्वीकार किया। व्यवहार में वस्तुनिष्ठता होती है इसे देखा या सुना जा सकता है। इसलिए मनोविज्ञान को व्यवहार का विज्ञान कहा गया है। आज मनोविज्ञान न केवल बाह्य व्यवहार का अध्ययन करता है बल्कि आन्तरिक अनुभूतियों का भी अध्ययन करता है।

मनोविज्ञान की परिभाषाएँ(Definitions of Psychology)

वाट्सन के अनुसार, "मनोविज्ञान व्यवहार का धनात्मक विज्ञान है।"

"Psychology is the positive science of behaviour."   -Watson

वुडवर्थ के अनुसार, "मनोविज्ञान वातावरण के सम्बन्ध में व्यक्तियों की क्रियाओं का वैज्ञानिक अध्ययन है।"

"Psychology is the scientific study of the activities of the individual in relation to his environment." -Woodworth

मैकद्दूगल के अनुसार, "मनोविज्ञान आचरण एवं व्यवहार का यथार्थ विज्ञान है।"
"Psychology is the science of conduct & behaviour."- Mc. Dougall

स्किनर के अनुसार, " मनोविज्ञान, व्यवहार और अनुभव का विज्ञान है।"

"Psychology is the science of behaviour and experience."-Skinner